**कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कक्ष भू–प्रबंध), सतपुड़ा भवन, मध्यप्रदेश, भोपाल**

क्रमांक / एफ–1 / FP/MP/MIN/20225/2016/ 773 भोपाल, दिनांक 26/02/2020

प्रति,

महाप्रबंधक,
नार्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड,
बीना–विस्तार परियोजना सोनभद्र,
उत्तर प्रदेश।

**विषयः–वन मंडल सिंगरौली के परिक्षेत्र बैढ़न के विभिन्न वन कक्षों की वनभूमि एवं सिंगरौली के ग्राम चूरीदेह, झिंगुरदह के विभिन्न खसरों की राजस्व वनभूमि (कुल 390.264 हे. वनभूमि) में से स्वीकृत रकबा 353.764 हे. वनभूमि बीना–कांकरी ओपन कास्ट कोयला उत्खनन हेतु – NCL के पक्ष में व्यपवर्तन प्रकरण में वैकल्पिक वृक्षारोपण की राशि जमा करने बाबत्।**

संदर्भः–1. भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली का पत्र क्रमांक / 8-69/2018-FC दिनांक 13 / 01 / 2020

2. इस कार्यालय का पत्र क्रमांक / एफ–1 / FP/MP/MIN/20225/2016/233-234 दिनांक 14 / 01 / 2020

––0––

उपरोक्त विषय एवं संदर्भ में लेख है कि इस प्रकरण में भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा पत्र क्रमांक / 8-69/2018-FC दिनांक 13 / 01 / 2020 से रकबा 353.764 हेक्टेयर वनभूमि में ओपन कास्ट पद्धति से कोयला उत्खनन की प्रथम चरण सैद्धांतिक सशर्त स्वीकृति NCL के पक्ष में जारी की गई है।

इस परियोजना में क्षतिपूर्ति वनीकरण का कार्य पूर्व में खण्डवा वृत्त में प्रस्तावित किया गया था। क्षतिपूर्ति वनीकरण के लिये चयनित वनक्षेत्र अत्यन्त कम मृदा का होने के कारण वृक्षारोपण कार्य सफल होने की संभावना कम होने से भारत सरकार द्वारा इसे परिवर्तित करने के निर्देश बैठक में दिये गये थे।

अतः भारत सरकार के निर्देश के अनुक्रम में वन मंडल नरसिंहपुर में रकबा 225 हेक्टेयर, उत्तर सिवनी में रकबा 197 हेक्टेयर, खण्डवा में रकबा 200 हेक्टेयर एवं बडवाह में रकबा 100 हेक्टेयर वन क्षेत्र इस प्रकार कुल 722 हेक्टेयर उपयुक्त वनक्षेत्र क्षतिपूर्ति वनीकरण हेतु चयनित / चिन्हांकित किया गया है। क्षतिपूर्ति वनीकरण कार्य हेतु कैम्पा मद में जमा की जाने वाली राशि तथा पर्यवेक्षण शुल्क के रूप में जमा की जाने वाली राशि का विवरण निम्नानुसार है :–

| क्रमांक | वन मंडल का नाम | परिक्षेत्र | स्थल | कक्ष क्रमांक | रकबा | कैम्पा मद में जमा की जाने वाली राशियां | पर्यवेक्षण शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नरसिंहपुर | गोटेगांव | गौरतला | RF - 22 | 40 | 13103848 | 1310385 |
| | | गोटेगांव | सालीवाड़ा | RF - 49 | 40 | 13016581 | 1301658 |
| | | नरसिंहपुर | डुडवारा | RF-78 | 25 | 9064196 | 906420 |
| | | नरसिंहपुर | कोदारस | RF-127 | 35 | 10610492 | 1061049 |
| | | नरसिंहपुर | ऊसरी | PF - 137 | 35 | 10883990 | 1088399 |
| | | बरमान | मेहगवॉ | PF - 353 | 50 | 15039823 | 1503982 |
| | | | | **योग–** | **225** | **71718930** | **7171893** |
| 2 | उत्तर सिवनी | कहानी | | RF - 982 | 40 | 11130419 | 1113042 |
| | | कहानी | | RF - 1040 | 52 | 13211673 | 1321167 |
| | | छपारा | | RF - 1116 | 50 | 13566366 | 1356637 |
| | | छपारा | | RF - 1116 | 30 | 10346168 | 1034617 |
| | | लखनादौन | | RF - 1240 | 25 | 6922144 | 692214 |
| | | | | **योग–** | **197** | **55176770** | **5517677** |
| 3 | खण्डवा | मून्दी | | RF -78 | 50 | 22470750 | 2247075 |
| | | गुड़ी | | 741 | 50 | 22455900 | 2245590 |
| | | गुड़ी | | 747 | 65 | 30232170 | 3023217 |
| | | खण्डवा | | 655 | 35 | 20551184 | 2055118 |
| | | | | **योग–** | **200** | **95710004** | **9571000** |
| 4 | बड़वाह | बलवाड़ा | | 97 | 50 | 37443351 | 3744336 |
| | | काटकूट | | 179 | 50 | 27791936 | 2779194 |
| | | | | **योग–** | **100** | **65235287** | **6523530** |
| | | | | **महायोग–** | **722** | **287840991** | |

अतः भारत सरकार द्वारा जारी सैद्धांतिक स्वीकृति की शर्त संख्या II के संबंध में रकबा 722 हेक्टेयर वनक्षेत्र में किये जाने वाले वृक्षारोपण कार्य की राशि कैम्पा मद में 287840991/–रूपये आनलाईन जमा करें। इसके अतिरिक्त पर्यवेक्षण शुल्क की राशि रू. 7171893 का भुगतान डी0डी0 के माध्यम से वन मंडल, नरसिंहपुर में, राशि रू. 5517677 का भुगतान डी0डी0 के माध्यम से उत्तर सिवनी में, राशि रू. 9571000 का भुगतान डी0डी0 के माध्यम से वन मंडल, खण्डवा में एवं राशि रू. 6523530 का भुगतान डी0डी0 के माध्यम से वन मण्डल, बड़वाह में पृथक से जमा करें।

सैद्धांतिक स्वीकृति में अधिरोपित समस्त शर्तो का एकजाई पालन प्रतिवेदन वन मंडल अधिकारी, सिंगरौली के माध्यम से इस कार्यालय को भेजे।

26/2/2020

(सुनील अग्रवाल)
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध)
मध्यप्रदेश, भोपाल

पृ0 क्रमांक / एफ–1 / FP/MP/MIN/20225/2016/774 भोपाल, दिनांक 26/02/2020

प्रतिलिपिः–

1. मुख्य वन संरक्षक, खण्डवा, सिवनी, रींवा मध्यप्रदेश
2. वन मंडल अधिकारी, सामान्य वन मंडल, नरसिंहपुर, उत्तर सिवनी, खण्डवा एवं बडवाह, मध्यप्रदेश। कृपया पर्यवेक्षण शुल्क जमा होने पर इस कार्यालय को अवगत करावे।
3. वन मंडल अधिकारी, सामान्य वन मंडल, सिंगरौली, मध्यप्रदेश। आवेदक संस्थान से प्रथम चरण की स्वीकृति का पालन प्रतिवेदन प्राप्त होने पर अपनी टीप सहित इस कार्यालय को दो प्रति में अग्रेषित करें।

26/2/2020

**अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध)**
**मध्यप्रदेश, भोपाल**